# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

## (मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग)

(निबंधित कार्यालयः–विद्युत भवन, बेली रोड, पटना)
Contact No:7763817975, 7763818077, email-hr.admin@bsptcl.bihar.gov.in, website-www.bsptcl.in

कार्यालय आदेश सं0 379 /पटना दिनांक 11/07/2024 /

T-VI/Misc./संलेख/8001/2024

ऊर्जा विभाग, बिहार सरकार के संकल्प संख्या–17 दिनांक–30.10.2012 के द्वारा पूर्ववर्ती बिहार राज्य विद्युत बोर्ड को पुनर्गठित करते हुए बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड एवं इसकी चार अनुषंगी कंपनियों यथा–नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड एवं बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड का गठन किया गया।

उक्त अधिसूचना की कंडिका–6.8 में वर्णित प्रावधान के आलोक में कंपनी गठन के उपरांत आवश्यकतानुसार समीक्षोपरांत बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड के निदेशक मंडल द्वारा विभिन्न नीतिगत मामलों में निर्णय लिया गया एवं उक्त निर्णयों को बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों में लागू भी किया गया।

2. बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड के कर्मियों पर लागू बिहार सेवा संहिता, बिहार वित्तीय निगम, यात्रा भत्ता नियमावली, बिहार सी0सी0ए0 रूल्स, 2005, बिहार पेंशन नियमावली एवं अन्य नियम/परिपत्र आदेश इसकी बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के कर्मियों पर भी लागू है। उक्त सभी प्रावधान पूर्ववती बिहार राज्य विद्युत बोर्ड से बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों में स्थानान्तरित कर्मी एवं कंपनी गठन के बाद होल्डिंग कंपनी एवं अनुषंगी कंपनियों द्वारा नियुक्त कर्मियों पर भी समान रूप से लागू किया गया है।

3. बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों के कर्मियों के सेवा शर्तों पर केन्द्रीयकृत रूप से बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड द्वारा निर्णय लिया जाता रहा है जिसके कारण एक कंपनी से दूसरे कंपनी के कर्मियों के स्थानान्तरित होने पर भी उनकी वरीयता एवं अन्य लाभ प्रभावित नहीं होते है। वर्त्तमान में बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड द्वारा सभी अनुषंगी कंपनियों के बीच समन्वय बनाकर एकरूपता के साथ कम्पनी के कार्यो के त्वरित निष्पादन में सहयोग प्रदान किया जाता है।

4. ऊर्जा, विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या–06 दिनांक–22.03.2013 द्वारा बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों के लिए बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड को हीं नियंत्री कंपनी बनाया गया है। बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड द्वारा दिनांक–01.11.2012 से पूर्व कार्यरत एवं कंपनी में नियुक्त कर्मियों के संदर्भ में कंपनी गठन के पश्चात कार्यालयों एंव कार्यो के संबंध में लिये गये सभी निर्णय, नियम, आदेश, संकल्प, परिपत्र एवं प्रक्रिया को बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के पदाधिकारियों/कर्मचारियों एवं कार्यालयों के लिए संबंधित आदेश/पत्र निर्गत होने की तिथि से हीं व्यवहारिक रूप से अंगीकृत तत्संबंधी निर्णय, नियम, आदेश, संकल्प, परिपत्र एवं प्रक्रिया के आधार पर ही कर्मियों के सेवा संबंधी मामलों का निष्पादन किया जा रहा है।

उपर्युक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए निदेशक मंडल की दिनांक–10.07.2024 को संपन्न 116वीं बैठक में संकल्प संख्या–116–06 द्वारा बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड द्वारा दिनांक–01.11.2012 के उपरांत बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों एवं उनके कार्यालयों के लिए सृजित/निर्गत किये गये नियम, आदेश, संकल्प, परिपत्र, निर्णय एवं प्रक्रिया को बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड हेतु अंगीकृत किये जाने के संबंध में निम्नलिखित निर्णय लिया जाता है:–

**(i)** बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड द्वारा दिनांक–01.11.2012 से पूर्व कार्यरत एवं कंपनी में नियुक्त कर्मियों के संदर्भ में कंपनी गठन के पश्चात कार्यालयों एवं कार्यो के संबंध में लिये गये सभी निर्णय, नियम, आदेश, संकल्प, परिपत्र एवं प्रक्रिया को बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के पदाधिकारियों/

कृ0पृ0उ0

कर्मचारियों एवं कार्यालयों के लिए संबंधित आदेश/पत्र निर्गत होने की तिथि से ही बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के लिये औपचारिक रूप से अंगीकृत किया जाता है।

**(ii)** भविष्य में पूर्ण रूप से बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड की अनुषंगी कम्पनियों की बीच सम्पति, दायित्व, कार्य एवं पदाधिकारियों/कर्मचारियों का अंतिम रूप से हस्तांतरण/बँटवारा होने तक बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड द्वारा बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के संबंध में लिये गये सभी निर्णय, नियम, आदेश, संकल्प, परिपत्र एवं प्रक्रिया बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड पर स्वतः लागू होंगे, जब तक कि उक्त विषय वस्तु से संबंधित कोई विशेष नियम/आदेश बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के निदेशक मंडल द्वारा अलग से पारित नहीं किये जाते हैं।

आदेश से,
ह0/–
(राजीव कुमार सिंह)
उप महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0){कार्यकारी प्रभार}
दिनांकः........................................./

ज्ञापांकः..........................................पटना

प्रतिलिपिः–अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी/प्रधान आप्त सचिव, बिहार स्टेट पावर (हो0) कम्पनी लिमिटेड/प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी (मा0सं0/प्रशा0)/विशेष कार्य पदाधिकारी (तकनीकी), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी (मा0सं0/प्रशा0)/विशेष कार्य पदाधिकारी (तकनीकी), साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी (मा0सं0/प्रशा0)/विशेष कार्य पदाधिकारी (तकनीकी), नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड/प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी (मा0सं0/प्रशा0)/विशेष कार्य पदाधिकारी (तकनीकी), बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(राजीव कुमार सिंह)
उप महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0){कार्यकारी प्रभार}
दिनांकः 11/07/2024/

ज्ञापांकः 1763 पटना

प्रतिलिपिः– महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0), बिहार स्टेट पावर (हो0) कम्पनी लिमिटेड/निदेशक (परियोजना)/निदेशक (परिचालन)/महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)/महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ उपमहाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)/सभी मुख्य अभियंता, संचरण कम्पनी मुख्यालय/सभी महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, संचरण जोन/ कम्पनी सचिव/वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/सभी अवर सचिव/डी0बी0ए0/प्रशासी पदाधिकारी (ERP)/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर से अनुरोध है कि इसकी एक प्रति कम्पनी के बेवसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा की जाय।

11-7-24
(राजीव कुमार सिंह)
उप महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0){कार्यकारी प्रभार}